SSP 33

Unit 8 Lesson 3

नमस्कार, आज के हिंदी पाठ में आपका स्वागत है। आज के पाठ में बच्चो हम लैगून और उससे प्राप्त लाभों के बारे में पढ़ेंगे और चर्चा करेंगे।

पाठ :

हमारे लैगून देश के लिए बहुत लाभदायक हैं। हर वर्ष मॉरीशस में लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं। उनकी सुविधा के लिए समुद्र तटों के पास ही, बड़े-बड़े आलीशान होटल बनाए गए हैं। इन होटलों में तरह-तरह की नौकरियाँ पैदा होती हैं और अनेक लोगों को रोज़गार मिलता है। पर्यटकों से होटलों को लाभ तो होता ही है, साथ-साथ टैक्सी चालकों, छोटे-बड़े दुकानदारों तथा पर्यटक-गाइड का भी काम अच्छा चलता है। पर्यटक यहाँ से कुछ यादगार वस्तुएँ अर्थात् सोविनियर अपने साथ ले जाना पसन्द करते हैं। वे स्थानीय कलात्मक या हस्तशिल्प की चीज़ें खरीदते हैं। इसके अलावा हमारे लैगूनों में मछलियाँ,केंकड़े, झींगे और अन्य ऐसे दुर्लभ जीवजन्तु हैं जिनके निर्यात से देश की आमदनी बढ़ती है।

हमारे समुद्र को ज़्यादा लाभदायक बनाने के लिए सरकार एक नई योजना पर काम कर रही है जिसका नाम है ब्लू इक्नामी (blue economy)। इस योजना के माध्यम से समुद्री उत्पादनों को बढ़ाया जा रहा है और विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियाँ पैदा की जा रही हैं।

आइए बच्चो पाठ में आए कठिन शब्दों को उनके अंग्रेज़ी अनुवाद के साथ पढ़ने तथा समझने का प्रयास करते हैं:

- लाभदायक – Profitable
- पर्यटक – Tourist
- आलीशान – Magnificent
- रोज़गार - Employment
- टैक्सी चालक – Taxi driver

- हस्तशिल्प – Handicraft
- स्थानीय - Local
- केंकड़ा – crab
- झींगा- Prawn
- दुर्लभ – Rare
- निर्यात – Export
- आमदनी – Income
- योजना – Plan
- उत्पादन – production

आइए अब इन वाक्यों के अनुवाद को समझने का प्रयास करते हैं।

१. Many tourists come to Mauritius.

मॉरीशस में बहुत पर्यटक आते हैं।

२. They bring foreign currency.

वे विदेशी मुद्रा लाते हैं।

३. People get jobs in hotels.

होटलों में लोगों को रोज़गार मिलता है।

४. Tourists buy handicraft objects.
पर्यटक हस्तशिल्प की चीज़ें खरीदते हैं |

५. The government is working on a new plan.
सरकार एक नई योजना पर काम कर रही है।

६. Tourists spend their holidays in Mauritius.

पर्यटक मॉरीशस में अपनी छुट्टियाँ बिताते हैं।

७.They spend lots of money here.

वे यहाँ बहुत पैसे खर्च करते हैं।

८. We export marine creatures.

हम समुद्री जीव-जन्तुओं का निर्यात करते हैं।

९. Tourists like to eat fish.

पर्यटक मछली खाना पसन्द करते हैं।

१०. Many hotels are found along the seaside.

समुद्र तट पर कई होटल स्थित हैं|

इस प्रकार आप भी पुस्तक में आए वाक्यों का अनुवाद कर पाएँगे |

धन्यवाद |

LINKS:

https://www.you tube.com/watch?v=17PJWS9LLZ8